भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3634
सोमवार, 11 अगस्त, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा**

**3634. श्री शंकर लालवानी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन क्षेत्र फल-फूल रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई नई पहलों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): जी हाँ, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' (एसीए) नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को निधि की उपलब्धता, योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0 और एसीए योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयास के तहत, प्रचार कार्यक्रमों, मेलों और त्योहारों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है।

इसके अलावा, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. लद्दाख होमस्टे नीति 2023, ग्रामीण परिवारों को 29 आवश्यक वस्तुओं से युक्त किट प्रदान करके होमस्टे स्थापित करने में सहायता प्रदान करती है। यह नीति राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। मौजूदा पर्यटन व्यवसायियों को छोड़कर, बेरोजगार परिवारों, पूर्व सैनिकों, महिला स्वयं सहायता समूहों और नए उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाती है।

ii. लद्दाख में साहसिक पर्यटन को विनियमित करने के लिए, 'एडवेंचर टूर ऑपरेटरों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण दिशानिर्देश और साहसिक गतिविधियों के लिए दिशानिर्देश' राष्ट्रीय साहसिक पर्यटन कार्यनीति 2022 के अनुरूप हैं, जिसमें सुरक्षा, स्थिरता और पर्यावरण-मित्रता पर केंद्रित 18 गतिविधियाँ शामिल हैं। एडवेंचर टूर ऑपरेटरों (एटीओ) को हर तीन साल में 3,000 रुपये के शुल्क पर पंजीकरण कराना होगा और जोखिम श्रेणियों के आधार पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

iii. लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) प्रोत्साहन योजना 2024, लद्दाख में 1-19 कमरों वाले होटलों और गेस्टहाउसों में विकेन्द्रीकृत एसटीपी की स्थापना और संचालन को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य उचित अपशिष्ट जल उपचार सुनिश्चित करके, स्थानीय जल निकायों की सुरक्षा करके, जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर और सतत पर्यटन को बढ़ावा देकर पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है।

iv. लद्दाख पर्यटक पुलिस इकाई की स्थापना 2021 में की गई थी। पर्यटक पुलिस के जवान खारदुंग ला, चांग ला और पैंगोंग त्सो जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सहायता के लिए तैनात रहते हैं। वे ट्रैकिंग मार्गों से फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए बचाव अभियान भी चलाते हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री शंकर लालवानी द्वारा लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3634 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवतीनगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 2. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवाड़ - पहलगाम - ज़ांस्करपदुम - डक्सम - रंजीतसागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 3. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |

**'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(लाख रु. में)**

| स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| 2020-21 | लेह, लद्दाख में साउंड एवं प्रकाश शो और पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वॉटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | 2321.99 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | संघ राज्य क्षेत्र | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृत लागत | स्वीकृति वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लद्दाख | लेह | जुले लेह जैव विविधता पार्क | 23.16 | 2023-24 |
| 2. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमैन गांव का अनुभव | 11.91 | 2023-24 |

*****